**न्यायालय सिविल जज (सी0डि0), मीरजापुर।**
मूलवाद सं0—98/2020
दिनेश **बनाम** सिटी बैंक।

**<u>दिनांकः 17—03—2023</u>**

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर उभयपक्ष मय अधिवक्ता अनुपस्थित हैं। पत्रावली वास्ते सुनवाई हेतु नियत है। पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि उभयपक्ष विगत कई तिथियों से अनुपस्थित चल रहे हैं और आज भी उभयपक्ष न तो न्यायालय उपस्थित आये, न ही उभयपक्ष की ओर से कोई मौका प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि वाद के संचालन में उभयपक्ष की रूचि समाप्त हो गयी है। अतः प्रस्तुत वाद उभयपक्ष की अनुपस्थिति में खारिज किये जाने योग्य है।

**<u>आदेश</u>**

प्रस्तुत मूलवाद सं0—98/2020 उभयपक्ष की अनुपस्थिति में खारिज किया जाता है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

**(दीप्ति यादव)**
**सिविल जज (सी0डि0),**
**मीरजापुर।**